वर्ष-01,अंक-125
छपरा
शनिवार 3 मार्च
2024
पृष्ठ -04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## संक्षिप्त समाचार

### हसनपुरा नगर पंचायत के मासिक बोर्ड की हुई सामान्य बैठक

**हसनपुरा(सिवान)**। नगर पंचायत हसनपुरा स्थित मीटिंग हॉल में शनिवार को मासिक बोर्ड की सामान्य बैठक आयोजित की गई. यह बैठक चेयरमैन बेबी गुप्ता की अध्यक्षता व ईओ हरिश्चंद्र की उपस्थिति में की गयी. वित्तीय वर्ष 2024-24 बैठक में गत बैठक की संपुष्टि, सशक्त स्थायी समिति के अनुमोदन, वित्तीय वर्ष 2024-24 की तैयारी, प्रधानमंत्री आवास योजना ( शहरी ) सूची के भेजने, दैनिक पारिश्रमिक पर कार्यरत कर्मियों का अवधि विस्तार व योजना की चयन पर विचार विमर्श की गयी. मौके पर प्रधान लिपिक प्रत्यूष कुमार गौतम, वार्ड पार्षदों में विद्यावती देवी, सीता देवी, सद्दाम अली, मेराज अहमद, अनिता देवी, फूलमती देवी, खुर्शेद आलम, मोहम्मद इस्माइल, ज्ञान्ति देवी, अजमेरी खातून, रुखसाना खातून, मीना देवी, नदीम अहमद, शौकत अली सहित अन्य उपस्थित रहे.

### नौतन में सभी 40 केंद्रों पर बन रहा आयुष्मान कार्ड

**नौतन(सारण)**। प्रखंड क्षेत्र के सभी 40 जन वितरण प्रणाली दुकानों पर बूथ केंद्र स्थापित कर आयुष्मान कार्ड बनना प्रारंभ हो गया है. जिसे लेकर शनिवार को जन वितरण प्रणाली दुकानों पर स्थापित बूथों पर लोग उपस्थित होकर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए पहुंचे. बताते चले कि नौतन प्रखंड क्षेत्र में कुल 40 जन वितरण केंद्रों पर बूथ स्थापित की गई है. प्रखंड विकास पदाधिकारी अर्चना में बताया कि प्रखंड क्षेत्र में 15202 राशन कार्ड धारी हैं. वहीं 76931 यूनिट है, जिसे आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हैं.

### मां ने दर्ज कराई बेटे हत्या की प्राथमिकी, 14 लोग किए गए नामजद

**लकड़ी नबीगंज(सिवान )**। लकड़ी नबीगंज थाना के खवासपुर में फंदे के सहारे एक घर के सामने झूलते मिले युवक के शव मामले में परिजनों ने हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई है. मृतक पंकज कुमार की मां व खवासपुर के स्व. हरेराम महतो की पत्नी प्रभावती देवी के आवेदन पर दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है की मेरे पट्टीदार ध्रुव प्रसाद के साथ पूर्व से ही जमीनी विवाद का मामला चल रहा है.इसी दौरान मंगलवार को विरोधी ध्रुव प्रसाद ने कई तरह की धमकी भी दी थी. उसके बाद मैं मंगलवार को ही अपने रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने चली गई. शुक्रवार की सुबह सूचना मिली की मेरे बेटे को रस्सी का फंदा डाल लटका दिया गया है. मामले में खवासपुर के ध्रुव प्रसाद, श्याम कुमार महतो, अनिल महतो, जितेंद्र महतो समेत 14 लोगों को नामजद किया गया है.

### जनता दरबार में दो जमीनी मामलों का हुआ निपटारा

**दरौंदा(सिवान)**। थाना परिसर में जमीनी मामलों की सुनवाई के लिए शनिवारी जनता दरबार लागाया गया. जनता दरबार में अपनी समस्या को लेकर बारह फरियादी पहुंचे हुए थे. जिसमें अंचलाधिकारी मोहित राज, थाना अध्यक्ष छोटन कुमार एवं आरओ के नेतृत्व में कुल 12 मामलों को देखा गया. जिसमें दो मामलों की सुनवाई की गई और बाकी मामलों को जांच में रखा गया. मौके पर राजस्व कर्मचारी शक्ति कुमार एवं फरियादी मौजूद रहे.

### सभी पीडीएस दुकानों पर नहीं पहुंचे आयुष्मान कार्ड बनाने वाले

**महाराजगंज(सारण)**। प्रखंड क्षेत्र के सभी पीडीएस दुकानों पर 2 मार्च से आयुष्मान कार्ड बनाना था. महाराजगंज प्रखंड क्षेत्र में 100 पीडीएस दुकान हैं. जिसमें दो दुकान रद्द है. आठ पीडीएस दुकानदार की मृत्यु हो गई है. आठ दुकानदार का दुकान नजदीक के दुकानदार से टैग है. वर्तमान में नब्बे दुकान चालू हैं. जिसमें मात्र 35 दुकान पर हीं कुछ समय के लिए कार्ड बनाने वाले पहुंचे थे. जो पहुंचे थे वे एक दो घंटे ठहर कर चले गये. आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए राशन कार्डधारी पीडीएस दुकान का चक्कर काटते रहे. 2 मार्च को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना को लांच की जा चुकी है. सभी कॉमन सर्विस सेंटर, पीडीएस डीलर को आयुष्मान कार्ड बनाने की जिम्मेवारी दी गई है.प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से बचे हुए लाभार्थी को मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजना में जोड़ा गया है. जिससे प्रत्येक राशन कार्डधारी को 5 लाख तक इलाज का सुविधा दी जायेगी. चिह्नित लाभुक अपना आधार कार्ड, राशन कार्ड व आधार कार्ड में दर्ज मोबाइल नंबर के साथ अपना कार्ड बनवा सकते हैं. 2 मार्च से विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक चिह्नित लाभुकों को आयुष्मान कार्ड से आच्छादित करना है. इस अभियान के तहत 2 मार्च के बाद लगातार पीडीएस डीलर की दुकान पर आयुष्मान कार्ड बनाए जायेंगे.

### बीजेपी ने जादोराहीमपुर में आयोजित किया युवा चौपाल

**दैनिक खोज खबर।**

मढौरा( सारण ) ।नगर क्षेत्र के जसदो राहीमपुर में बीजेपी ने युवा चौपाल का आयोजन किया।नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित युवा चौपाल में मुख्य अतिथि युवा मोर्चा के जिला महामंत्री सुजीत प्रियदर्शी शामिल हुए। अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व मे चौमुखी विकास हो रहा है ।देश के युवा आत्मनिर्भर बन रहे है, देश मे लगातार एम्स, आईआईटी और आईआईएम जैसे प्रतिष्ठित संस्थानो की संख्या को बढ़ाया जा रहा है। युवाओं को स्वरोजगार के लिए विभिन्न तकनीकी ट्रेनिंग दी जा रही जिससे वे कौशलयुक्त बन रहे है ।वही जिलामहामंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा युवाओ पर विशेष फोकस करके अलग अलग कार्यक्रम चलाए जा रहे है। प्रधानमंत्री कि कोशिश है कि हमारा देश सशक्त और समृद्ध बने। चौपाल मे मुख्य रूप से बीजेपी के वरिष्ठ कार्यकर्ता रमेशचन्द्र सिंह, सुलेमान खान, लेगनदेव सिंह, साहिल कुमार, शुभम कुमार, आशुतोष सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे ।

### विद्यालय शिक्षा समिति की बैठक में बच्चों की उपस्थिति पर जोर

**बड़हरिया(सिवान)**। प्रखंड के एनपीएस महम्मदपुर में शनिवार को विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई. बैठक में विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों की उपस्थिति पर जोर दिया गया. विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजन कुमार सिंह ने बताया कि बच्चों की उपस्थिति विद्यालय में शत प्रतिशत हो. इसके लिए शिक्षकों के साथ ही, शिक्षा समिति के सभी सदस्यों को सक्रिय होना होगा. विकास मद की राशि खर्च करने पर विचार-विमर्श किया.इसके अलावे विद्यालय की चहारदीवारी, परिसर की साफ-सफाई, कक्षा में ब्लैक बोर्ड की मरम्मत व पेंटिंग कराने पर विचार-विमर्श किया गया. बैठक की अध्यक्षता शिक्षा समिति के अध्यक्ष चंद्रमा यादव ने की. मौके पर एचएम राजन कुमार सिंह, शिक्षक मो वाजेह, सचिव बूटन देवी, गणेश साह, किशोर सिंह, सच्चिदानंद सिंह, देव कुमार सिंह, उमा देवी,सोना देवी, मंजू देवी, अंजू देवी सहित अन्य समिति सदस्य उपस्थित थे.

### डॉ जितेश बने भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के संयोजक

**सीवान**। भारतीय जनता पार्टी शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. जितेश कुमार सिंह को मनोनीत किया गया है. इसके बाद डॉ जितेश ने संगठन का विस्तार कर दिया है. उन्होंने जिला पदाधिकारियों की सूची भी जारी कर दी है.

## भाजपा ने 195 लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

**नयी दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) ने 18वीं लोकसभा के चुनावों के लिए शनिवार को 195 उम्मीदवारों की पहली सूची घोषित की जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित 34 कैबिनेट एवं राज्य मंत्रियों, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के नाम शामिल हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी की मौजूदगी एवं भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में विगत 29 फरवरी को पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में रात भर चली पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में इन नामों को स्वीकृति दी गयी थी। भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े और पार्टी के उपाध्यक्ष बैजयंत पाण्डा ने आज यहां भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में इन नामों की घोषणा की और कहा, ह्लजनता के आशीर्वाद से लगातार तीसरी बार भी पिछले दो बार से अधिक बहुमत से जन जन की आकांक्षा पूरी करने वाली सरकार फिर से बनेगी। देश भर में आवाज आ रही है कि फिर एक बार मोदी सरकार।

श्री तावड़े ने कहा कि ये 195 सीटें 16 राज्यों एवं दो केन्द्र शासित प्रदेशों से हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार वाराणसी से उम्मीदवार होंगे। गृह मंत्री अमित शाह गांधीनगर से, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला राजस्थान की कोटा सीट से और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ से पुनः उम्मीदवार होंगे। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को विदिशा से उतारा गया है जहां वह पहले भी सांसद रह चुके हैं। इसी प्रकार से त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लव कुमार देव को त्रिपुरा पश्चिम से टिकट दिया गया है ।उन्होंने कहा कि इस सूची में 34 केन्द्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री शामिल हैं। सूची में 28 महिलाएं, 50 वर्ष से कम आयु के 47 युवा, अनुसूचित जाति के 27 और अनुसूचित जनजाति के 18 तथा अन्य पिछड़े वर्ग के 57 उम्मीदवार शामिल हैं।

उन्होंने जानकारी दी कि राज्यवार सूची में उत्तर प्रदेश की 51, पश्चिम बंगाल की 26 , मध्य प्रदेश की 24, गुजरात की 15, राजस्थान की 15, केरल की 12, तेलंगाना की नौ , असम की 11, झारखंड की 11, छत्तीसगढ़ की 11 , दिल्ली की पांच, जम्मू कश्मीर की दो, उत्तराखंड की तीन, गोवा, अंडमान-निकोबार और दमन-दीव की एक-एक सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित किये गये हैं।

केन्द्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन एवं जयंत सिन्हा, साध्वी प्रज्ञा भारती, के टिकट काटे गये हैं। दिवंगत पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की पुत्री सुश्री बांसुरी स्वराज को उतारा गया है। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को उनकी पारंपरिक सीट गुना शिवपुरी से टिकट दिया गया है जबकि केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव को अलवर से उम्मीदवार बनाया गया है। केन्द्रीय राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर को बेंगलुरु से हटा कर केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम से उतारा गया है।

दिल्ली की पांच सीटों में से चार सीटों पर उम्मीदवार घोषित किये गये हैं जिनमें से तीन नये चेहरे हैं। उत्तर प्रदेश की 51 सीटों में से 47 मौजूदा सीटों में सभी पर पुराने चेहरों पर फिर भरोसा किया गया है। मध्य प्रदेश में 24 सीटों में से दस सीटों पर नये चेहरे उतारे गये हैं। राजस्थान में पांच नये चेहरे आये हैं।

## बिहार में परिवारवाद की राजनीति हाशिये पर पहुंची : पीएम मोदी

### -औरंगाबाद में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने शिरकत की

**औरंगाबाद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार दौरे के दौरान महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि एनडीए की शक्ति बढ़ी तो बिहार से परिवारवाद की राजनीति हाशिए पर जाने लगी। परिवारवाद की राजनीति विरासत में पार्टी और कुर्सी तो मिल जाती है लेकिन मां-बाप के कार्यों का जिक्र करने की फिर हिम्मत नहीं होती।

प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को विशेष विमान से बिहार के गया एयरपोर्ट पहुंचे।इसके बाद पीएम मोदी गया से सीधे औरंगाबाद में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। औरंगाबाद की जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने मगही भाषा में कहा, कि विश्व प्रसिद्ध सूर्य मंदिर, उम्गेश्वरी माता और देव कुंड के इ पवित्र भूमि के हम नमन करीत ही !इसी के साथ उन्होंने कहा कि बिहार में गंगा नदी पर छह लेन वाले पुल की आधारशिला रखी गयी है, जिसे पटना रिंग रोड के एक हिस्से के रूप में विकसित किया जाएगा। दौरे के दौरान प्रधानमंत्री



मोदी ने बिहार में नमामि गंगे के तहत बारह परियोजनाओं का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में बिहार के गौरव कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न सम्मान दिए जाने का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा कि एनडीए की शक्ति बढ़ने के बाद बिहार में परिवारवादी सियासत हाशिए पर जाने लगी है। परिवारवाद वाली राजनीति की विरासत से पार्टी और कुर्सी तो मिल जाती है लेकिन मां-बाप के कार्यों का जिक्र करने की हिम्मत नहीं होती है। इस दौरान पीएम मोदी ने महागठबंधन पर भी खूब निशाना साधा और कहा कि ये लोग तो लोकसभा का चुनाव भी नहीं लड़ना चाह रहे हैं। यह सब आप लोगों के विश्वास का ही परिणाम है। पीएम मोदी ने कहा कि आज बिहार विकास का उत्सव मना रहा है इसलिए आप सभी अपने मोबाइल की फ्लैश लाइट को जलाइए और विकास का उत्सव मनाइए।

**-हम ही गायब हो गए थे: नीतीश कुमार**

इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के आने से हमें खुशी हुई है और हमें भरोसा है कि पीएम आगे भी आते रहेंगे। इसी बीच सीएम नीतीश ने कहा कि बीच हम ही गायब हो गए थे, लेकिन अब हम इधर-उधर नहीं होने वाले हैं। हम रहेंगे आपके साथ और आप 400 सीट जीतेंगे। गौरतलब है कि पीएम मोदी के साथ सीएम नीतीश कुमार बिहार में 18 महीने बाद मंच साझा कर रहे थे।

## राज्यों को राशि आवंटित करने में केंद्र कर रहा धोखा

**चेन्नई,**

तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी (टीएनसीसी) अध्यक्ष सेल्वापेरुन्थागई ने अपने एक बयान में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के गठन के बाद से ही राज्यों के अधिकार छीन लिए गए हैं। धीरे-धीरे राज्यों की शक्ति भी केंद्र के हाथों में जाती जा रही है। यह लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

तमिलनाडु प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सेल्वापेरुन्थागई ने अपने बयान में कहा है कि पीएम मोदी तानाशाह की तरह काम करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने सूचना के अधिकार से प्राप्त जानकारी का हवाला देते हुए कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा राज्यों को आवंटित कुल धनराशि 1 लाख, 42 हजार करोड़ रुपये है। साल 2011 की जनगणना के मुताबिक 20 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश को 25,495 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं वहीं दूसरी तरफ तमिलनाडु को मात्र 5,097 करोड़ रुपये ही आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु समेत आंध्र प्रदेश, केरल, तेलंगाना और कर्नाटक की कुल आबादी 25 करोड़ है। हालाँकि, केंद्र द्वारा कुल आवंटित राशि 21,755 करोड़ रुपये है। इस प्रकार उत्तर प्रदेश को आवंटित राशि का 89 प्रतिशत हिस्सा ही दक्षिणी राज्यों को आवंटित किया जाता है।

इस तरह भाजपा राजनीतिक मकसद से दक्षिणी राज्यों को धोखा दे रही है, इसके लिए किसी अन्य सबूत की आवश्यकता भी नहीं है। वैसे भी राज्यों के अधिकारों को केंद्र सरकार धीरे-धीरे अपने हाथों में लेती जा रही है, यह लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ सभी को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय दौरे को लेकर टीएनसीसी अध्यक्ष सेल्वापेरुन्थागई बयान देते हुए कहा था कि यहां पर कभी कमल नहीं खिल सकता। सांप्रदायिक ताकतों के लिए यहां कोई जगह नहीं है।

THE SURGEON
|'द सर्जन'
जेनरल, लैपेरोस्कोपिक एवं कैंसर सर्जन

Causes of JAUNDICE

- Inflammation of the bile duct
- Obstruction of the bile duct
- Acute inflammation of liver
- Gilbert's syndrome
- Hemolytic anemia






डॉ. अमित रंजन
M.B.B.S. (B.U), DNB
(Surgery) FMAS, FIAGES

CONSULT NOW

Call Us:- +91-7520371578, 7209375567
E-mail: drthesurgeon@gmail.com
पता:- थाना रोड, डॉ0 विनोद कुमारी शर्मा के सामने, भगवान बाजार, छपरा, बिहार - 841301

## संक्षिप्त समाचार

### मढ़ौरा में पीडीएस दुकानों के माध्यम से आयुष्मान भारत कार्ड बनना हुआ.शुरू



**दैनिक खोज खबर, मढ़ौरा/(सारण)।**

सारण जिले में आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डेन कार्ड बनाने की योजना का शुभारम्भ किया गया। शनिवार 02 मार्च को प्रखंड के ग्राम पंचायत राज सलिमापुर के जन वितरण विक्रेता नागेश्वर सिंह के यहां सीएससी संचालक सुबोध कुमार के द्वारा राशन कार्ड धारी लाभार्थियों का आयुष्मान भारत कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई। जिसमें सैकड़ो राशन कार्ड धारी ने अपने परिवार के सदस्यों को आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डेन कार्ड बनवाने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे और अपना नाम पंजीकृत काराया। सीएससी संचालक द्वारा करीब 80 पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान भारत कार्ड बनाने का निबंधन किया गया। लाभार्थियों में शामिल शिवनाथ राम,शिव शंकर राम, तेतरी देवी, शारदा देवी, गायत्री देवी, नीलम देवी, ज्ञानती देवी आदि के नाम शामिल हैं। मालूम हों कि लाभार्थियों के कार्ड के बन जाने से उन्हें भविष्य में स्वास्थ सेवा लाभ में राहत मिलेगी और कार्ड धारी को प्रति वर्ष पांच लाख रुपए तक की सरकार इलाज में मदद करेगी। आसानी से और सुगम तरीके से उनका आयुष्मान भारत कार्ड परिवार के हर सदस्य का बन पाएगा, इसको लेकर ग्रामीणों में खुशी हैं ।इस कार्य में सबसे बड़ी भूमिका जन वितरण विक्रेताओं को दी गई है कि वे प्रत्येक राशन कार्ड धारी को प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डेन कार्ड के लाभ के बारे में जानकारी दें और उन्हे प्रेरित करें। जन वितरण विक्रेताओं में इस बात को लेकर खुशी भी देखी गई कि उन्हें सरकार की तरफ से इस काम की जिम्मेवारी दी गई है, उनके द्वारा जन सेवार्थ लाभुकों को बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ चाय और पेयजल की व्यवस्था भी की जा रही हैं।

### सैकड़ो गरीब, बेसहारा व वृद्ध महिलाओं को साड़ी उपलब्ध कराया गया



**दैनिक खोज खबर,मढ़ौरा(सारण)।**

जिला सामाजिक सुरक्षा योजना से अनुमंडल के करीब छह सौ गरीब, बेसहारा, वृद्ध महिला को एसडीएम डा. प्रेरणा सिंह ने साड़ी उपलब्ध कराया। शनिवार को मढ़ौरा प्रखंड के सिसवां मुसहर टोली पहुंची एसडीएम ने वर्ष 2023-24 में भूमिहीन परिवार, गरीब, वृद्ध, बेसहारा महिलाओं को चिन्हित कर उन्हे साड़ी उपलब्ध कराया। एसडीएम मढ़ौरा माधोपुर, वार्ड पांच जगदीशपुर में भी पहुंची और दलित टोला की महिलाओं को साड़ी उपलब्ध कराया। इसके अतिरिक्त एसडीएम खूद से तरैया प्रखंड के खराटी, मशरख प्रखंड के बड़ी मुशहर टोली, इसुआपुर प्रखंड के गम्हरिया, पानापुर प्रखंड के धेनुकी बाजार, अमनौर प्रखंड के धर्मपुर जफर, अमनौर कल्याण के मिश्री टोला में पहुंची और साड़ी का वितरण सम्पन्न कराया। एसडीएम डा. प्रेरणा सिंह ने बताया कि जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग से अनुमंडल को राशि का आवंटन प्राप्त हुआ था ।इस योजना के तहत अनुमंडल के सभी प्रखंड के चिन्हित दलित महाटोला में करीब छह सौ गरीब, भूमिहीन, जरूरतमंद वृद्ध महिला को वस्त्र उपलब्ध कराया गया है। इसके पूर्व अनुमंडल प्रशासन के द्वारा ठंड के मौसम में जरूरतमंद गरीब व वृद्ध जनों को ठंड के बचाव के लिए कंबल का वितरण किया था। एसडीएम ने कहा कि अनुमंडल प्रशासन की सामाजिक कल्याण से जुड़ी कार्यों में सक्रियता रही है। उनका लगातार प्रयास रहा है कि कमजोर लोगों तक सरकारी सुविधा का लाभ बिना किसी विचलन का पहुंचे।

### बिजली चोरी की जांच में आये अधिकारियों के सामने मारपीट की प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर, मढ़ौरा(सारण)।**

बिजली चोरी की शिकायत पर जांच करने पहुंचे एसटीएफ के अधिकारी, बिजली विभाग मढ़ौरा के जेई और मनीष कुमार के सामने ही सूचक से मुखिया के गुर्गे द्वारा मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई हैं। उक्त मामले में पीड़ित व्यक्ति धेनूकी निवासी पूर्व सैनिक पुरुषोत्तम कुमार के बयान पर पुलिस शिकायत दर्ज कर ली हैं। जिसमे बताया गया है कि एसटीएफ की टीम, मढ़ौरा बिजली विभाग के जेई और विभाग से संबद्ध झखड़ा निवासी मनीष कुमार के सामने आवेदक के साथ मारपीट की गई। मामले में आवेदक एक्स नेवीमैन पुरुषोत्तम कुमार ने सरेया बसंत, तरैया की मुखिया प्रियंका सिंह के गुर्गो पर भी मारपीट करने, अपहरण की नीयत से स्कॉर्पियो पर खींचकर बैठाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने घटना में विजली विभाग के तीनों लोगों के अतिरिक्त अन्य छ- सात लोग को आरोपित किया है। पीड़ित ने अपने आवेदन में कहा है कि पूर्व में मढ़ौरा थाना में दो लोगों के खिलाफ लिखित आवेदन पत्र दिया था। उक्त मामले में भी कोई कारवाई नहीं हुई थी ।मामले में मुखिया प्रियंका सिंह ने आरोप को गलत बताया हैं।

### जमीनी विवाद में तलवार से काट कर किया जख्मी

**मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र मुबारकपुर सुकसेना में जमीनी विवाद को लेकर हुई एक मारपीट की घटना में एक वृद्ध को तलवार से हमला कर जख्मी कर दिया। जख्मी सरयुग राय का 63 वर्षीय ब्रम्हा राय बताया गया है। जख्मी को आनन फानन में रेफरल अस्पताल मढ़ौरा लाया गया जहां उसका इलाज किया गया है । जख्मी के भतिजा ने बताया कि उसके परिवार का पूर्व से जमीनी विवाद चल रहा था।

### सदर मे भाजपा का लाभार्थी संपर्क अभियान

**दैनिक खोज खबर, डोरीगंज(सारण)।**

लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत गरखा विधानसभा के डुमरी शक्ति केंद्र के बूथ नंबर 72 में प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की उपलब्धियां संबंधित पर्चियां गरखा के पूर्व विधायक ज्ञानचंद मांझी के नेतृत्व में आम जनता के बीच जाकर बांटा गया । इस दौरान आम लोगों में राष्ट्रप्रथम सशक्त भारत की झलक देखने को मिली ।इस संपर्क अभियान के दौरान पूर्व विधायक के साथ छपरा सदर पूर्वी मंडल अध्यक्ष मुन्ना साह,पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह , मंडल उपाध्यक्ष विपिन सिंह , नबींद्र सिंह,राजेश सिंह(युवा मोर्चा) ,धुरंधर सिंह,समाजसेवी गनौर सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का हुआ शुभारंभ

## पहले दिन 18636 लोगों का बनाया गया आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डेन कार्ड

**दैनिक खोज खबर,छपरा।**

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तरह सारण जिला सहित राज्य के सभी जिलों में मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का शुभारंभ हो गया है। जिसके तहत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से वंचित राशन कार्ड धारकों को इस अभियान के तहत बनाए गए राशन कार्डधारियों को इसका लाभ मिलना शुरू हो गया है। जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि जिले में आयुष्मान भारत- जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान भारत कार्ड बनाने को लेकर जिले के सभी संबंधित पदाधिकारी और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। ताकि शत प्रतिशत जिलेवासियों का इस योजना का लाभ मिल सके। इसके लिए सिविल सर्जन और आयुष्मान भारत योजना से संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक घंटे मूल्यांकन और अनुश्रवण करते हुए लक्ष्य को पूरा कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**पहले दिन शाम 4:30 तक 18636 लोगों का बनाया गया आयुष्मान कार्ड : आईटी प्रबंधक**



आयुष्मान भारत के आईटी प्रबंधक अभिनय कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री जन अरोग्य योजना के तहत पहले दिन लक्ष्य 14477 शत प्रतिशत पूरा करते हुए उससे अधिक 18636 जिलेवासियों का कार्ड बनाया गया है। जिसमें सोनपुर में 1683, मशरख में 1335, गड़खा में 1317, दरियापुर में 1229, छपरा में 1169, मांझी में 1084, मढ़ौरा में 1067, इसुआपुर में 976, परसा में 842, दिघवारा में 816, जलालपुर में 742, एकमा में 712, बनियापुर में 656, पानापुर में 626, तरैया में 536, अमनौर में 529, नगरा में 504, लहलादपुर में 434, मकेर में 406 और रिविलगंज में 89 कार्ड बनाया गया है। इसके लिए जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग सहित पंचायती राज संस्था से जुड़े जनप्रतिनिधियों का भरपूर सहयोग मिला है। कार्ड निर्माण में संबंधित प्रखंड स्तरीय अधिकारी, आपूर्ति विभाग के जनवितरण प्रणाली के दुकानदार और वसुधा केंद्र के अलावा ग्रामीण स्तर पर पंचायत जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कार्ड बनाया जा रहा है।

**आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को 5 लाख तक का किया जाता है निःशुल्क इलाज**

सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा राज्य के अभी राशन कार्ड धारकों को शत प्रतिशत स्वास्थ्य बीमा सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बिहार के सभी परिवार जिनका नाम राशनकार्ड से जुड़ा हुआ है, उनको प्रत्येक वर्ष 5 लाख रुपये का मुफ्त इलाज किया जाएगा। हालांकि यह योजना प्रधानमंत्री जन अरोग्य योजना के तहत पात्र लाभुकों का कार्ड बनाया गया था लेकिन अब जिले सहित राज्य के सभी राशनकार्ड धारकों को इस योजना का लाभ दिलाया जा रहा है।

**जिले के सभी सरकारी अस्पताल तथा 5 निजी अस्पताल सूचीबद्ध : जिला समन्वयक**

आयुष्मान भारत के जिला कार्यक्रम समन्वयक नीरज कुमार ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह संयुक्त सचिव (स्वास्थ्य विभाग) अलंकृता पाण्डेय और प्रशासी पदाधिकारी अभिताभ सिंह ने सोनपुर शहरी क्षेत्र के नगर परिषद वार्ड संख्या 2 के जनवितरण प्रणाली के दुकान पर जाकर जायजा लिया। जहां आयुष्मान भारत योजना से संबंधित कार्ड का निर्माण कराया जा रहा था। आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सारण जिले के सभी सरकारी अस्पताल तथा 5 निजी अस्पताल को सूचीबद्ध किया गया है। जिसमें

**- अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल, मस्तिचक, परसा, सारण**

**- अखिलेश्वरी दंत चिकित्सालय, सब्जी बाजार, मढ़ौरा**

**- मीरा हॉस्पिटल, काशी बाजार, छपरा**

सिद्धि विनायक मेटरनिटी एंड ट्रॉमा सेंटर, काशी बाजार, छपरा

# होली उत्सव पर सामाजिक सद्भाव संदेश देने में सफल रहा माता सती स्पोर्ट्स प्रतियोगिता

**दैनिक खोज खबर, रसूलपुर(सारण)।**

रसूलपुर का माता सती स्थान के पास आयोजित वॉलीबॉल टूनार्मेंट मैच में माता सती स्पोर्ट्स क्लब और नवयुवक संघ द्वारा विजेता और उपविजेता सहित एकमा एकारी सरयुपार और पंजाब हता के सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए इस आयोजन में सैनिक सम्मान समारोह विशिष्ट अभिभावक सम्मान समारोह और कलाकारों को सम्मान देकर समाज को एक अच्छा संदेश देने का प्रयास किया गया है। पूर्व विधायक स्वर्गीय रामेश्वर दत्त शर्मा के सुपुत्र प्रोफेसर दिलीप शर्मा ने इस आयोजन में उपस्थित सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी, पूर्व विधायक धूमल सिंह डिप्टी कमांडेंट विक्की कुमार पांडे डॉ अमित तिवारी समाजसेवी संदीप पांडे सहित सभी गणमान्यो का अभिवादन करते हुए श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन पटना के अध्यक्ष प्रण शर्मा जी का हमेशा इस आयोजन में सहयोग एवं नौजवानों का उत्साहवर्धन के लिए खूब सराहना किया है। सैनिक सम्मान समारोह में सम्मानित होने के बाद उप कमांडेंट श्री विक्की कुमार पांडे ने रमेश सजल और रौनक रतन के गीतों की सराहना करते हुए कहा देश के जवानों को सम्मान देकर रसूलपुर के लोगों ने अगाध राष्ट्र प्रेम का परिचय दिया है। लोगों का यही प्रेम हमारे जवानों को निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने राष्ट्र की सुरक्षा में जान हथेली पर लिए खड़े रहने को प्रेरित करता हैं ।शिक्षक विश्वनाथ तिवारी भारत दुबे पूर्व मुखिया भोला सिंह संतोष कुशवाहा धबाकी बाबा राजेंद्र पटेल रामकिशुन महतो गुलाबचंद राम अनिल तिवारी मुख्तार ठाकुर सहित उपस्थित सभी लोगों ने क्लब के संस्थापक स्वर्गीय हरिहर दुबे जी के समाजिक योगदान को याद करते हुए आयोजन को सफल बनाने में भरपूर सहयोग किया।

### मोदी की गारंटी है, देश के प्रधानमंत्री के गारंटी को बिहार सरकार भी पूरा करने में लगी- धर्मेन्द्र



**रिविलगंज (सारण)।** बिहार सरकार द्वारा सभी राशन उपभोक्ता को मुख्यमंत्री जन आरोग्य के तहत 5 लाख तक का बीमारियों में लाभ मिलेगा। जन आरोग्य कैम्प विजयराय के टोला गजेन्द्र सिंह डीलर के यहां उद्घाटन में पहुचे भाजपा जिला के मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सम्राट चौधरी ने घोषणा किया था कि 02 मार्च से सभी राशन दुकान पर उपभोक्ता को जन आयोग्य कार्ड 5 लाख का आरोग्य कार्ड का रजिस्ट्रेशन होगा जो आज से पूरे बिहार में शुरू किया है। यह कार्ड प्रधानमंत्री आयुषमान के तर्ज पर होगा। यही तो मोदी की गारंटी है देश के प्रधानमंत्री के गारन्टी को बिहार सरकार भी पूरा करने में लगा है। जिला परिषद सदस्य गुड्डू साह ने कहा कि जिन लोगो को आयुषमान कार्ड नही था, वैसे लोगो को इस कार्ड से बहुत मदद मिलेगा ।इस अवसर पर मुख्य रूप से रिविलगंज नगर अध्यक्ष सतेंद्र शर्मा, महामंत्री सुधीर सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष शम्भूनाथ पांडेय, भाजपा कार्यकर्ता विजय शंकर सिंह,अमरेश कुमार आदि दर्जनो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महाशिवरात्रि पर प्रवचन और रामलीला 7 मार्च से

**दैनिक खोज खबर, गड़खा(सारण)।** गड़खा प्रखंड के कमालपुर में महाशिवरात्रि पर 7 मार्च से पूजन, प्रवचन और रामलीला का आयोजन संत श्रीधर दास जी महाराज के नेतृत्व में किया ।आयोजनकर्ता रामबाबू राय ने बताया कि 7 मार्च को कलश यात्रा , 8 मार्च से सुंदरकांड पाठ पूजन , संत श्रीधर बाबा और उनके शिष्य मुरारी स्वामी का प्रवचन और रामलीला का आयोजन प्रतिदिन किया जाएगा। कार्यक्रम की पूणार्हुति 16 मार्च को होगी ।जिसमें शाम में भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा। जयप्रकाश राय , राजेन्द्र राय , सत्येंद्र राय ,लक्ष्मण प्रसाद, रामजी प्रसाद, सिकंदर प्रसाद, शिक्षक अरुण शाह, प्रोफेसर योगेन्द्र राम, सुशील शर्मा, अवध प्रसाद , बीरेंद्र साह, बीरबल यादव श्री कुसुम शर्मा, श्री राम राय, हरि ,मोहन राय, विधान राय सहित सभी ग्रामीण यज्ञ की तैयारी में जुट गए हैं।

# संजीवनी संस्कार स्कूल के बच्चों ने पौराणिक धार्मिक एवं एतिहासिक स्थलों का किया भ्रमण

**दैनिक खोज खबर,छपरा।**

शहर के श्यामचक आदर्श कॉलोनी स्थित संजीवनी संस्कार स्कूल के बच्चों को ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। शनिवार को रिविलगंज के गोदना स्थित गौतम ऋषि मंदिर का भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चों को पौराणिक धार्मिक एवं एतिहासिक महर्षि गौतम ऋषि मंदिर के बारे में विस्तार से बताया गया। उसके बाद बाबा उझंखनाथ का करियावा मंदिर का भी दर्शन कराया गया। स्कूली बच्चों ने भी खूब इंजॉय किया। वही इस मौके पर स्कूल के प्रचार्य रणजीत भगत ने बताया की बच्चों को किताबी



ज्ञान के साथ-साथ आध्यात्मिक ज्ञान का भी विकास हो। स्कूल की शिक्षिका ज्योति सिंह ने कहा की कहा कि आज धर्म भ्रम का विषय बन गया है। हमारा युवा भटकाव की राह पर है। युवाओं में नैतिक शिक्षा का अभाव हो गया है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग हमारे देश का आधार और राष्ट्र के प्रगति में इनका योगदान बेहद जरूरी है। अच्छे संस्कार का जन्म बचपन से ही होना चाहिए। इसी उदेश्य से क्लास फोर फाइप के बच्चों को रिविलगंज के ऐतिहासिक धार्मिक अस्थलो का भ्रमण कराया गया। इस मौके पर प्रचार्य रणजीत भगत, ज्योति सिंह, अंजलि पर्वत, शिशीर श्रीवास्तव, जन्मेजय सिंह, कमलेश कुमार, जीतेन्द्र कुमार, मौजूद थे।

### डीएम ने हाई कोर्ट के आदेश के अनुपालन कर याचिकाकर्ता को दिया 10 हजार का चेक

**डीलर पर हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी नहीं हुई थीं कार्रवाई**

**दैनिक खोज खबर, छपरा।**

जिला पदाधिकारी सारण छपरा ने उच्च न्यायालय पटना के द्वारा एमजेसी मे दिए गए आदेश का अनुपालन में गड़खा के विशंभरपुर निवासी अनुज कुमार सिंह को दस हजार रुपए का चेक आर्थिक दंड के रूप में दिया है ।बताते चले की डीलर महामाया प्रसाद सिंह के जाच के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन सारण डीएम के द्वारा समय पर सुनवाई नहीं किया गया था। जिसके आलोक में अनुज कुमार सिंह ने माननीय उच्च न्यायालय में एमजेसी -935/2022 फाइल किया था ।और उसकी सुनवाई मे माननीय उच्च न्यायालय ने समय पर सारण डीएम के द्वारा सुनवाई नहीं करने के कारण उन पर दस हजार रुपए काआर्थिक दंड लगाया था ।और यह आर्थिक दंड परिवादी को देने का निर्देश दिया था। जिसके अनुपालन में जिला पदाधिकारी ने अनुज कुमार सिंह को दस हजार रुपए का चेक प्रखंड आपूर्ति अधिकारी गड़खा सारण के द्वारा प्राप्त कराया है ।

# सोनपुर पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कुल चार लोगों को किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर, सोनपुर।** सोनपुर पुलिस ने अलग-अलग मामले में कुल चार लोगों को गिरफ्तार कर छपरा जेल शनिवार को भेज दिया है । इस बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजनंदन ने शनिवार को बताया कि सोनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत परमानंदपुर के शिवपुर से अभिषेक कुमार पिता शिवनाथ पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।अभिषेक कुमार 30 जनवरी 24 को इंस्टाग्राम पर राम और सीता पर कमेंट करते हुए वीडियो वायरल किया था जिसके आरोप में उसे गिरफ्तार का जेल भेजा गया है वहीं दूसरी ओर सोनपुर नगर पंचायत के अंतर्गत पहलवान नगर में 2017 में एक मारपीट के मामले में पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंची थी जहां पुलिस के साथ पब्लिक मैं नोकझोक किया था इसमें आरोपी अनिल राय आनंदपुर पहलवान नगर से गिरफ्तार को उसे जेल भेजा गया है। अवैध बालू लेकर हाजीपुर की ओर जा रहे एक बालू लदे ट्रक को एन एच 19 शिव वचन सिंह चौक के पास से जप्त करते हुए पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया ।गिरफ्तार ट्रक चालक वैशाली जिले के महुआ के रंजीत कुमार को जेल भेजा गया है ।एक शराब पीने के आरोप में रंजीत पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। सोनपुर पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर अलग-अलग मामले में जेल भेजा है।

# चंदा मांगने के नाम पर रेकी का आरोप, छपरा में लोगों ने पांच युवको को बनाया बंधक

## फर्जी तरीके के घर मे घुसकर महिला से मांग रहे थे चंदा, विरोध किये जाने पर हुआ खुलासा

**दैनिक खोज खबर, छपरा।**

शहर के दहियावा मोहल्ला में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जहां धार्मिक आयोजन के नाम पर चंदा की वसूली कर रहे पांच युवकों को स्थानीय युवको द्वारा बंधक बना लिया गया। अवैध और फर्जी तरीके से चंदा उगाही किए जा रहे युवकों को बंधक बनाए जाने के बाद आसपास के लोगों का जमावड़ा लग गया। दहियावा मोहल्ला में कुछ समय के लिए अफरातफरी का माहौल हो गया। पकड़े गए सभी युवक फर्जी तरीके से घर में घुसकर चंदा की वसूली कर रहे थे। हालांकि स्थानीय लोगों का आरोप है कि युवको द्वारा किस अपराधिक घटना को अंजाम दिए जाने को लेकर रेकी की जा रही थी। युवको ने तथाकथित रूप से अपना पहचान पड़ोसी जिला सिवान के उसरी हसनपुर निवासी के अतुल तिवारी,राजेश शर्मा,मनोज पांडेय, राजन शर्मा और अंकुश शर्मा के रूप में बताया। हालांकि इनके पास से कोई पहचान पत्र नहीं मिला है।

**पहचान के लिए 1 घंटा तक लोगो को भ्रमित करते रहे:**

बंधक बनाए गए पांचो युवक नगर थाना क्षेत्र के दहियावां मोहल्ला में धार्मिक आयोजन और भंडारा के नाम पर चंदा की वसूली कर रहे थे ।

वसूली के दौरान मोहल्ला के शिया मस्जिद के समीप घर में घुसकर एक महिला के साथ चंदा के नाम पर जबरदस्ती ₹500 की मांग करने लगे। महिला द्वारा विरोध किए जाने पर आसपास के युवकों ने चंदा वसूल रहे युवको से पूछताछ करना शुरू किया। पूछताछ के दौरान पांचों युवक अलग अलग तरह की बात कहकर लोगो को भ्रमित करने लगे। युवको ने ब्रह्मपुर स्थित मंदिर में भंडारा के नाम पर चंदा रहे थे। स्थानिय लोगो द्वारा ब्रह्मपुर मंदिर के पुजारी से फोनकरके पूछे जाने पर फर्जी और झूठ बात बताया गया। जिसके बाद मामला खुल गया। स्थानिय लोगो द्वारा लगातार पहचान पत्र के नाम पर कागजात की मांग की गई। लेकिन आरोपियों द्वारा कुछ भी नही दिखाया गया। सभी आरोपियों के पास स्मार्टफोन है। बावजूद इसके कोई पहचान पत्र नही होना शक को गहरा कर दिया।

स्थानिय लोगो द्वारा युवको को दो घन्टे तक बंधक बना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। हालांकि इस मामले में कोई आवेदन नही दिया गया।

### चार अवैध बालू लदे वाहन, 4 ट्रक चालक भी गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर, सोनपुर।**

बिहार में अवैध बालू बिक्री करने वाले पर नकेल कसने के लिए लगातार पुलिस छापामारी कर रही है फिर भी अवैध कारोबार बंद नहीं हो रहा है ।जहां पुलिस अवैध कारोबार करने वाले को पकड़ कर ट्रक ,बालू को जप्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज रहे हैं फिर भी यह धंधा बंद नहीं हो रहा है । ऐसा ही मामला सबलपुर की ओर से चार अवैध बालू लदे हुए ट्रक को पहलेजाघाट पुलिस ने बजरंग चौक के पास से जप्त करते हुए 4 ट्रक चालक को गिरफ्तार कर छपरा जेल शनिवार को भेज दिया है । इस बात की जानकारी देते हुए पहलेजा घाट थानाध्यक्ष श्वेता कुमारी ने शनिवार को बताई की बजरंग चौक से चार अवैध बालू लदे वाहन को जब्त किया गया है जिसमें 1 हाईवा,3 डीसीएम ट्रक पर लदे अबैध बालू है। मौके पर 4 वाहन चालक को गिरफ्तार किया गया है। सभी वाहन चालक मुजफ़्फरपुर जिले के सरैया थाना के मानपुर के अजीत कुमार ,सरैया थाना के सुल्तानपुर के संजीत कुमार, सरैया थाना के गोग्राहा गांव के सुबीन कुमार ,गोपालपुर के सुबोध राय को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मशरक में बीडीओ ने विश्वकर्मा योजना को लेकर की बैठक, दिए दिशा-निर्देश

**दैनिक खोज खबर, मशरक (सारण)।**

मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ मो आसिफ ने सभी राजस्व कर्मचारी और अन्य पदाधिकारी के साथ विश्वकर्मा योजना की जानकारी दी और योजना की सफलता को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने सभी से कहां कि इस योजना की जानकारी लोगों को मिल सकें,इसके लिए प्रचार प्रसार के साथ लोगों को प्रेरित करें।इसके साथ ही लाभुकों का पंजीकरण कराएं। इसमें लोहार, कुम्हार मोची तथा बढ़ई के अलावे 18 प्रकार के लोग ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। आवेदक का सत्यापन मुखिया के द्वारा किया जाएगा। सत्यापन के बाद पांच दिवसीय ट्रेनिंग ज़िले में कराई जाएंगी। जहां खाने पीने से लेकर रोज 500 रूपए के हिसाब से दिया जाएगा। यह ट्रेनिंग 5 दिनों तक चलेगा। उसके बाद 15 हजार लाभुक को औजार खरीदने के लिए दिया जाएगा। वहीं पहली बार ऋण के रूप में एक लाख रुपए 5 प्रतिशत की ब्याज दर से दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोशिश करें इस योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को मिलें।

### मशरक में एसडीओ ने निर्धन महिलाओं के साड़ी का किया वितरण



**दैनिक खोज खबर, मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के बड़ी मुसहर टोली गांव में निर्धन महिलाओं को मढ़ौरा एसडीओ डॉ प्रेरणा सिंह ने साड़ी का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने 100 से ज्यादा महिलाओं को साड़ी दिया। मौके पर बीडीओ मो आसिफ मौजूद रहें। मौके पर मढ़ौरा एस-डीओ डॉ प्रेरणा सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले जैसें वृद्ध, विकलांग, भूमिहीन, बंधुआ मजदूरी से मुक्त को निःशुल्क वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत मशरक नगर पंचायत के बड़ी मुसहर टोली गांव में महिलाओं को साड़ी दी गई। उन्होंने कहा कि सरकार की जन कल्याणकारी योजना लाभुकों तक पहुंचे उसके लिए वे लगातार लगीं हुई है। उन्होंने निर्धन महिलाओं को छोटे-छोटे बच्चों को आंगनवाड़ी और बड़े बच्चों को सरकारी स्कूल भेजने का निर्देश दिया।

### आयुष्मान कार्ड बनाना हुआ शुरू

दैनिक खोज खबर, नगरा( सारण )। प्रखंड के खैरा रामपुर पंचायत के वार्ड 17 हरदी छपरा में हरेंद्र सिंह डीलर के दुकान पर शनिवार के दिन वसुधा केंद्र खैरा के संचालक जयप्रकाश राय ने राशन कार्ड धारियों का आयुष्मान कार्ड बनना शुरू हुआ। बताते चले कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत लाभार्थियों के कार्ड निर्गत करने हेतु दिनांक 02 मार्च, 2024 से ₹विशेष अभियान₹ का आयोजन सरकार के आदेशानुसार किया गया है। इसके तहत पात्र लाभाथियों को प्रति वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक के निःशुल्क चिकित्सा प्रदान करने हेतु आयुष्मान कार्ड निर्गत किया जा रहा है। साथ ही राज्य सरकार के संकल्प संख्या 519 ( 7 ) दिनांक 21.02.2024 द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लाभार्थियों को संपूर्ण रूप से स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने के क्रम में लाभार्थियों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करते हुए इसका संचालन एक साथ एकीकृत प्लेटफार्म पर किये जाने का निर्णय लिया गया है।राज्य में पात्र लाभार्थी परिवारों को निर्गत कार्ड का वर्तमान प्रतिशत लगभग 35% मात्र है, जो अन्य राज्यों की तुलना में कम है। राज्य में कार्ड के शत-प्रतिशत आच्छादन का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु दिनांक 02.03.2024 से राज्य सरकार द्वारा विशेष अभियान आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। इस विशेष अभियान में राज्य के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों पर शिविर लगाकर सभी राशन कार्ड धारियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है।

### तीन वारंटी गिरफ्तार

दैनिक खोज खबर/रसूलपुर( एकमा )। स्थानीय थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे तीन वारंटीयों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटीयों में छोटकी घुरापाली गांव निवासी रंजय कुमार सिंह तथा नवादा गांव निवासी बबन साह के पुत्र क्रमशः सवाली साह व छोटन साह हैं।

### मशरक के सरकारी राशन दुकानों पर कैम्प लगाकर बनाया गया आयुष्मान कार्ड



**दैनिक खोज खबर, मशरक (सारण)।**

मशरक नगर पंचायत क्षेत्र और प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी राशन दुकानों पर शनिवार से प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैम्प आयोजित किया गया। वही कैम्प का निरीक्षण प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा किया गया। बहरौली में मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह, डुमरसन में मुखिया बच्चा लाल साह, सोनौली में मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू ने भी अपने स्तर से शिविर का आयोजन किया। मामले में बीडीओ मो आसिफ ने बताया कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सभी राशनकार्ड धारकों का आयुष्मान कार्ड बनाना है उसी को लेकर शनिवार को सभी सरकारी राशन दुकानों पर कैम्प आयोजित किया जा रहा है। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक के चिकित्सक डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि पहले प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से आयुष्मान कार्ड बना हुआ है उसी तर्ज पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सभी राशनकार्ड धारकों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैम्प आयोजित किया जा रहा है। कार्ड बन जाने के कार्ड धारियों को हर वर्ष 5 लाख का इलाज कराने की सुविधा उपलब्ध रहेंगी। कार्ड धारक सरकारी और चयनित निजी अस्पतालों में 5 लाख रुपए तक इलाज करा सकते हैं।

# बुझ गया घर का इकलौता चिराग-सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत, चार दिन पूर्व उठी थी बहन की डोली

## अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी ठोकर, चार गंभीर रूप से जख्मी

**देवेन्द्र कुमार सिंह।**



दैनिक खोज खबर/रसूलपुर/एकमा। चार दिनों पूर्व हीं इकलौती बहन की डोली उठी थी और चार दिनों बाद हीं सड़क हादसे में घर का इकलौता चिराग बुझ गया। मामला रसूलपुर थाना क्षेत्र के चनचौरा स्थित बनपुरा गांव की है।चनचौरा बाजार स्थित कठैया बाबा की कुटिया के समक्ष शुक्रवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में बाईक सवार युवक की मौके पर मौत हो गयी जबकि चार अन्य युवक गंभीर रूप से दुर्घटना में जख्मी हो गए।दुर्घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस गश्ति दल की प्रशिक्षु दारोगा प्रिति कुमारी ने मानवता का परिचय देते हुए अपनी इस पुलिस की छवि को काफी हद तक लोगों के जेहन से साफ करने का प्रयास किया और आनन फानन में जख्मी युवक और मृतक के शव को पुलिस की गश्ती वाहन में लादकर ईलाज हेतु एकमा पहुंचाया और थानाध्यक्ष प्रभात कुमार को इस बाबत सूचना दी जहां दुर्घटना में मृत युवक की पहचान चनचौरा के बनपुरा गांव निवासी स्व0 मुन्ना राय का 16 वर्षीय पुत्र फैज खान के रूप में हुई है, जबकि दुर्घटना में जख्मी चार अन्य युवक मृतक के सहपाठी मित्र बताए जा रहे हैं।घायलों में बनपुरा गांव निवासी दो सगे भाई क्रमशः अंकित कुमार राम व सचिन कुमार राम समेत मनी छपरा गांव निवासी गोलु कुमार राम का ईलाज एकमा के निजी नर्सिंग होम में चल रहा है तो वहीं यूपी देवरिया के सलेमपुर निवासी अमन खान जो अपने नौनिहाल में आया था की गंभीर हालत को देख प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गोरखपुर रेफर कर दिया।बताया जाता है कि मृतक इंटरमीडिएट का परीक्षार्थी था और पिता के मरणोपरांत घर के खर्चे की जिम्मेवारी भी इसी के कंधे पर था। विगत 28 फरवरी को हीं बहन की शादी हुई थी अब घर में माँ की देखभाल करने वाला भी कोई नहीं बचा विधाता परंतु विधाता को शायद यही मंजूर था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक अपने मित्रों के साथ दो बाईक पर सवार होकर चनचौरा से बाजार कर घर लौट रहा था तभी अज्ञात वाहन ने दोनों बाईकों में ठोकर मार दी जिससे मौके पर हीं फैज खान की मौत हो गयी और चार अन्य मित्र गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

### ट्रैक्टर एवं बाइक की टक्कर में बाइकसवार युवक की मौत

**परदेश से कमाकर लौटे मनु की घर पहुँचने से पहले हुई मौत**

**दैनिक खोज खबर, पानापुर(सारण)**

लखनपुर बंगराघाट पुल मार्ग पर चकिया गांव के समीप शुक्रवार की देर शाम ट्रैक्टर एवं बाइक की सीधी टक्कर में बाइक चालक की मौत हो गयी वही पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया .मृत युवक चकिया गांव निवासी स्वर्गीय विश्वनाथ बैठा का 24 वर्षीय अविवाहित पुत्र मनु बैठा बताया जाता है .घटना के संबंध में बताया जाता है कि मनु परदेश से अपनी बहन के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए मड़वा बसहिया गांव आया हुआ था . शादी समारोह खत्म होने के बाद वह अपने भतीजे आदित्य कुमार बैठा के साथ शुक्रवार की शाम बाइक से अपने घर लौट रहा था .इसी दौरान घर से कुछ दूर पहले उसके बाइक की विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर से टक्कर हो गयी .घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण दौड़े एवं घायल युवकों को इलाज के लिए सीएचसी पानापुर लाये जहां चिकित्सकों ने मनु बैठा को मृत घोषित कर दिया . वही घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया .युवक के मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया . युवक के मौत की खबर मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस सीएचसी पहुँची एवं शव को कब्जे में कर शनिवार को पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेजवाया .पोस्टमार्टम के बाद मनु का शव जैसे ही चकिया पहुँचा परिजनों में चीत्कार मच गया .परिजनों के करुण चीत्कार से उपस्थित हर किसी की आंखे नम हो जा रही थी .मृतक तीन भाइयों में मांझिल था एवं अगले साल उसकी शादी होनेवाली थी .

### 26 वर्षो से फरार डकैती कांड का अभियुक्त गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर, पानापुर(सारण)**



गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय थाने की पुलिस ने शुक्रवार की रात चिमनपुरा गांव में छापेमारी कर लगभग 26 वर्षो से फरार चल रहे डकैती कांड में नामजद एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया.गिरफ्तार अभियुक्त चिमनपुरा गांव निवासी अशोक राय बताया जाता है.मालूम हो कि वर्ष 1998 में मशरक थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई डकैती मामले में वह नामजद था एवं उसी समय से फरार चल रहा था .इससे पहले पुलिस उसके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई भी कर चुकी थी लेकिन वह पुलिस की पहुँच से दूर था .इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि वह घर आया हुआ है .सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शुक्रवार की रात उसके घर पर दबिश दी एवं उसे गिरफ्तार कर लिया .थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को शनिवार को जेल भेज दिया गया .

## 03 जोड़ी नई ट्रेनों का हुआ परिचालन शुरू

# सोनपुर-वैशाली, दानापुर-जोगबनी तथा सहरसा- जोगबनी के मध्य एक-एक जोड़ी नई ट्रेन का हुआ परिचालन शुरू

**दैनिक खोज खबर, सोनपुर।**



रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर सोनपुर और वैशाली, दानापुर और जोगबनी तथा सहरसा और जोगबनी के मध्य एक-एक जोड़ी नई ट्रेन का परिचालन शुरू किया गया । जिनका विवरण निम्नानुसार है -

*1. गाड़ी सं. 13212/13211 दानापुर-जोगबनी-दानापुर एक्सप्रेस* - इस नई ट्रेन का शुभारंभ दिनांक 02.03.2024 को 03220 दानापुर-जोगबनी उद्घाटन स्पेशल के रूप में किया जायेगा । गाड़ी सं. 03220 दानापुर-जोगबनी उद्घाटन स्पेशल दिनांक 02.03.2024 को दानापुर से 17.00 बजे खुलकर अगले दिन 04.00 बजे जोगबनी पहुंचेगी ।

इस ट्रेन का नियमित परिचालन दानापुर से दिनांक 05.03.2024 से तथा जोगबनी से दिनांक 06.03.2024 से प्रतिदिन किया जायेगा । दिनांक 05.03.2024 से गाड़ी सं. 13212 दानापुर-जोगबनी एक्सप्रेस दानापुर से 06.10 बजे खुलकर 15.45 बजे जोगबनी पहुंचेगी । इसी तरह दिनांक 06.03.2024 से गाड़ी सं 13211 जोगबनी-दानापुर एक्सप्रेस जोगबनी से 05.00 बजे खुलकर 15.45 बजे दानापुर पहुंचेगी ।

अप एवं डाउन दिशा में यह पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा, सकरी, झंझारपुर, घोगरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, राघोपुर, ललितग्राम, नरपतगंज एवं फारबिसगंज स्टेशनों पर रूकेगी ।

*2. गाड़ी सं. 13214/13213 सहरसा-जोगबनी-सहरसा एक्सप्रेस* - इस नई ट्रेन का शुभारंभ दिनांक 02.03.2024 को 05560 सहरसा-जोगबनी उद्घाटन स्पेशल के रूप में किया जायेगा । गाड़ी सं. 05560 सहरसा-जोगबनी उद्घाटन स्पेशल दिनांक 02.03.2024 को सहरसा से 17.00 बजे खुलकर 22.00 बजे जोगबनी पहुंचेगी ।

इस ट्रेन का सहरसा एवं जोगबनी से नियमित परिचालन दिनांक 05.03.2024 से प्रतिदिन किया जायेगा । दिनांक 05.03.2024 से गाड़ी सं 13213 जोगबनी-सहरसा एक्सप्रेस जोगबनी से 16.30 बजे खुलकर 21.30 बजे सहरसा पहुंचेगी तथा वापसी में गाड़ी सं. 13214 सहरसा-जोगबनी एक्सप्रेस सहरसा से 23.55 बजे खुलकर अगले दिन 04.00 बजे जोगबनी पहुंचेगी ।

अप एवं डाउन दिशा में यह सहरसा, सुपौल, सरायगढ़, राघोपुर, ललितग्राम, नरपतगंज एवं फारबिसगंज स्टेशनों पर रूकेगी ।

*3. गाड़ी सं. 05522/05521 सोनपुर-वैशाली-सोनपुर डेमू पैसेंजर* - इस नई ट्रेन का शुभारंभ दिनांक 02.03.2024 को 05522/05521 सोनपुर-वैशाली-सोनपुर उद्घाटन स्पेशल के रूप में किया जायेगा । गाड़ी सं. 05522 सोनपुर-वैशाली उद्घाटन स्पेशल दिनांक 02.03.2024 को सोनपुर से 17.00 बजे खुलकर 19.00 बजे वैशाली पहुंचेगी तथा वापसी में 05521 वैशाली-सोनपुर उद्घाटन स्पेशल वैशाली से 21.00 बजे खुलकर 23.00 बजे सोनपुर पहुंचेगी ।

इस ट्रेन का सोनपुर तथा वैशाली से नियमित परिचालन दिनांक 04.03.2024 से प्रतिदिन किया जायेगा । दिनांक 04.03.2024 से गाड़ी सं. 05522 सोनपुर-वैशाली डेमू पैसेंजर सोनपुर से 12.25 बजे खुलकर 14.00 बजे वैशाली पहुंचेगी तथा वापसी में गाड़ी सं 05521 वैशाली-सोनपुर डेमू पैसेंजर वैशाली से 14.25 बजे खुलकर 16.05 बजे सोनपुर पहुंचेगी ।

अप एवं डाउन दिशा में यह हाजीपुर, घोसवर, हरौली फतेहपुर, घटारो हाल्ट एवं लालगंज पकरी स्टेशनों पर रूकेगी ।

# लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की समीक्षात्मक बैठक

**दैनिक खोज खबर, छपरा।**



आसन्न लोक सभा आम निर्वाचन को लेकर गठित विभिन्न कोषांगों द्वारा विभिन्न कार्यों को लेकर पूर्व तैयारी की जा रही है।शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिलाधिकारी अमन समीर ने आज अपने कार्यालय वेश्म में कार्मिक कोषांग, ईवीएम कोषांग एवं वज्रगृह कोषांग के कार्यों की समीक्षा की गई। कार्मिक कोषांग के संदर्भ में बताया गया कि प्रत्येक मतदानकेन्द्र पर पीठासीन पदाधिकारी के साथ साथ तीन अन्य कर्मी चुनाव का कार्य सम्पन्न करायेंगे। चिन्हित मतदान केंद्रों पर माइक्रो ऑब्जर्वर भी प्रतिनियुक्त रहेंगे। कुछ कर्मियों को आकस्मिक परिस्थिति हेतु सुरक्षित रखा जायेगा। रिजर्व सहित लगभग 15700 पदाधिकारी एवं कर्मी मतदानकेन्द्र पर निर्वाचन का कार्य करायेंगे। सुरक्षा हेतु अलग से केंद्रीय अर्धसैनिक बल एवं पुलिस बल प्रतिनियुक्त किये जायेंगे। सभी कर्मियों का डेटाबेस तैयार कर त्रुटियों का निराकरण किया गया है।

ईवीएम कोषांग की समीक्षा के क्रम में बताया गया की सभी राजनीतिक दलों को ईवीएम के सीरियल नंबर के साथ सूची उपलब्ध कराई गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट रुप से कहा कि ईवीएम को कोई भी मूवमेंट पूर्व निर्धारित प्रक्रिया के तहत सभी राजनीतिक दलों के संज्ञान से ही सुनिश्चित किया जाय। किसी भी परिस्थिति में ईवीएम का अनावश्यक मूवमेंट नहीं होगा।

मतदान के उपरांत ईवीएम को निर्धारित वज्रगृह में सुरक्षित रखा जायेगा। वज्रगृह में सीसीटीवी कैमरे एवं पुलिस बलों के लिये पूर्व से उपयुक्त स्थल निर्धारित करने को कहा गया। विभिन्न वज्रगृह में कराये जाने वाले आवश्यक कार्यों के लिये अलग अलग एजेंसी का निर्धारण करने को कहा गया ।निर्वाचन से संबंधित समस्त कार्यों के लिये निर्धारित टाइमलाइन कैलेंडर के अनुरूप पूरा करने का निदेश दिया गया ।बैठक में कोषांग के वरीय पदाधिकारी नगर आयुक्त, कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी निदेशक डीआरडीए, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनाव और महाशिवरात्रि के मद्देनजर मशरक में निकला फ्लैग मार्च



**दैनिक खोज खबर,मशरक (सारण)।**

आगामी लोकसभा चुनाव और महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मशरक थाना पुलिस ने अर्धसैनिक बलों की मौजूदगी में फ्लैग मार्च निकाला। मौके पर बीडीओ मो आसिफ और थानाध्यक्ष धनंजय राय मौजूद रहें। बीडीओ मो आसिफ ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर इलाके में सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त की जा रही है उसी को लेकर फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है उन्होंने कहा कि गांवों में किसी भी तरह की अवैध गतिविधी दिखें तो इसकी तत्काल सूचना पुलिस को दे। इससे चुनाव में शांति बनाएं रखनें में मदद मिले। फ्लैग मार्च मशरक थाना परिसर से निकल अस्पताल चौक , दुर्गा चौक, महावीर, महाराणा प्रताप चौंक, स्टेशन रोड समेत थाना क्षेत्र के गांवों से गुजरा। थानाध्यक्ष धनंजय राय ने कहा कि लोकसभा चुनाव और महाशिवरात्रि पर्व मे गड़बड़ी करने वाले बख्शे जाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि थाना क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को कोई भी शिकायत हैं तों उनसे मिल अपनी शिकायत रख सकते हैं। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में वोटरों को भयमुक्त माहौल मुहैया करवाने के उद्देश्य से पुलिस और अर्धसैनिक बलों के साथ इलाके में फ्लैग मार्च निकाला गया ताकि आम जनता में विश्वास बहाल किया जा सके।

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा का विशेष जनसंपर्क अभियान सारण में भी शूरू

## लाभार्थियों से होगा संपर्क, सारण में केंद्रीय मंत्री सीतारमण की होगी अहम सहभागिता

-5 मार्च को लाभार्थी सम्मेलन, सांसद रुडी के साथ सम्राट चौधरी, गिरिराज सिंह और सिग्रीवाल भी होंगे शामिल

-केंद्रीय योजनाओं के लाभार्थियों से वित्त मंत्री करेंगी संवाद

- राज्य के 251000 प्रमुख कार्यकर्ता द्वारा 8100000 प्रमुख लाभार्थियों से संपर्क का भाजपा का महाअभियान



**दैनिक खोज खबर, छपरा ।**

भाजपा संकल्प पत्रों में किए गये वादों को पूरा करती है। आज देश का प्रधान सेवक गरीबों की चिंता करने वाला है। गरीबों के कल्याण की कई योजनाएं आज देश में चल रही है जिस-का लाभ आज देशभर के लोग उठा रहे है। मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं के इन्हीं लाभार्थियों तक प्रधानमंत्री का अभिवादन पहुंचाने के लिए जनसम्पर्क अभियान की शुरूआत हुई है। सारण जिला भाजपा अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने उक्त बातों की जानकारी देते हुए आगे बताया गया कि भाजपा ने प्रभारियों और सह प्रभारियों को सरकार की नीतियों को जनता के बीच ले जाने का निर्देश दिया है। इसी कड़ी में पिछले 5 फरवरी से प्रारंभ हुए लाभार्थी जन संपर्क अभियान की तैयारी के बाद 13 फरवरी को बिहार प्रदेश की कायार्शाला के बाद 21, 22 एवं 23 फरवरी को राज्य की चालीस लोकसभा क्षेत्रों में कार्यशाला सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात 02 मार्च से 05 मार्च तक 1136 मंडल के 77000 बूथों, जिसमें सारण के भी 1776 बूथ शामिल है, पर प्रदेश के सभी बूथ स्तरीय कार्यकर्ता से लेकर राष्ट्रीय स्तर के कार्यकर्ता जन संपर्क करेंगे।

इस संदर्भ में इसी अभियान की कड़ी मे सारण में भी लाभार्थी जनसम्पर्क अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान के तहत ही 05 मार्च को छपरा में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन हुआ है जिसमें स्थानीय स-ांसद सह भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव प्रताप रुडी के साथ मुख्य अतिथि केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण और विशिष्ट अतिथि केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित महा-राजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल व अन्य माननीय सांसद उपस्थित होंगे। लाभार्थी सम्मेलन के जरिए अधिक से अधिक लाभार्थियों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। जिला भाजपा कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में पार्टी के जनसम्पर्क अभियान के तहत 251000 कार्यकर्ता, 8100000 लाभार्थी से सीधे सम्पर्क करेंगे और प्रधानमंत्री का अभिवादन ह्यह्यमेरा प्रणामह्लह्ल उन तक पहुंचायेंगे। इसी तरह सारण में भी लाभार्थियों तक आदरणीय प्रधानमंत्री का अभिवादन पहुंचाने के साथ चिन्हित लाभार्थी के फोन से मिस्ड कॉल कराया जायेगा व उनके दरवाजे पर पीएम स्टीकर एवं पीएम पत्रक भी लगाया जायेगा। जिला के भाजपा पदाधिकारी स्थानीय कार्यकताओं से मिलकर सरकार की योजनाओं से लाभान्वित होने वाले सभी लाभार्थियों से संपर्क करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### नायगांव पुलिस ने देसी शराब बरामद करते हुए एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सोनपुर।** नायगांव पुलिस ने देसी शराब बरामद करते हुए एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल शनिवार को भेज दिया है । इस बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने शनिवार को बताया कि महदलीचक रेलवे लाइन के नजदीक से 15 लीटर देसी शराब बरामद करते हुए धंधेबाज महदलीचक निवासी अशोक पासवान को गिरफ्तार कर छपरा जेल शनिवार को भेज दिया गया है।

### बन रहे नए मकान से चोर ने छड़,सीमेंट लेकर हुआ फरार

**सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रवेजावाद वार्ड 1 स्थित चित्रसेनपुर में बन रहे नए मकान अनिल राय के घर में अज्ञात चोर ने 5 क्विंटल छड़ ,25 बोरा सीमेंट, समरसेबल मशीन को चुरा कर चोर सभी समान लेकर भागने में सफल हुआ । बिजली मीटर के तोड़ कर अंधेरा का फायदा उठाते हुए चोर ने चोरी कर ली है । इस बात की जानकारी देते हुए अनिल राय पिता मुंशी राय घर चित्रसेनपुर ने शनिवार को बताया कि इस घटना के सबंध में अज्ञात चोर के खिलाफ थाना में आवेदन दी है ।

### पहलेजा शाहपुर दियरा में एक युवक को मारपीट कर किया घायल

**दैनिक खोज खबर, सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के पहलेजा शाहपुर दियारा में योगेश्वर रजक पिता स्व उपेंद्र बैठा को गांव के ही एक व्यक्ति ने घर से बुलाकर घर के परिजनों के साथ मिलकर मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर खेत में फेंक दिया ।जहां इस घटना के जनकारी मिलते ही घायल अवस्था में उसे सोनपुर अस्पताल ले गया जहां डॉक्टर ने नाजुक हालत देखकर पटना पीएमसीएच भेज दिया ।पटना में इलाज चल रहा है। घायल युवक ने पटना थाना में नामजद प्राथमिक की घायल के परिवार के कुंदन कुमार ने शनिवार को बताया कि घायल युवक के हाथ पैर टूट गया है ।हाथ पैर का प्लास्टर किया गया है ।घायल का इलाज पटना में चल रहा है ।पीड़ित ने पुलिस को व्यान दिया कि गाँव के एक घर के परिवार के सदस्यों ने मारपीट कर घायल कर दिया है। हमसे रंगदारी मांग रहा था नही देने के कारण मारपीट कर घायल कर दिया है । पुलिस फर्द व्यान पर मामले की तहकीकात में जुट गयी है ।

### पहलेजाघाट के नये थानाध्यक्ष बनी श्वेता कुमारी

### निवर्तमान थानाध्यक्ष टुनटुन कुमार का हुआ बनियापुर स्थांतरण



**दैनिक खोज खबर, सोनपुर।**

परसा थाने के अपर थानाध्यक्ष सब इंस्पेक्टर श्वेता कुमारी को पहलेजाघाट के थानेदार की कमान सौंपी गई है। नये थानाध्यक्ष के रूप में श्वेता कुमारी ने पदभार ग्रहण कर ली। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने शनिवार को बतायी कि क्षेत्र में अमन चैन बहाल करना, अपराधियों पर अंकुश लगाना, अवैध कारोबारों पर शिकंजा कसना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। वही दूसरी ओर कार्य में कोताही बरतने के आरोप में पहलेजा थाने के निवर्तमान थानेदार सब इंस्पेक्टर टुनटुन कुमार को एसपी डॉक्टर गौरव मंगला ने शुक्रवार की शाम कार्रवाई करते हुए उन्हें लाइन हाजिर कर दिया। उक्त थानेदार के संबंध में शिकायत एसपी को मिली थी ।उस पर करवाई करते हुए निवर्तमान थानाध्यक्ष टुनटुन कुमार को बनियापुर थाना में स्थानांतरण किया गया है ।

### सीओ ने नयागांव व सोनपुर थाना में जनता दरबार लगाकर भूमि विवाद का किया निपटारा



**दैनिक खोज खबर सोनपुर ।** सोनपुर सीओ ने सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार नयागांव थाना व सोनपुर थाना परिसर में जनता दरबार लगाकर दोनों पक्षों के सहमति से दिए गए आवेदन पत्र के आलोक में मामले की कानूनी प्रक्रिया के तहत निष्पादन की है । इस बात की जानकारी देते हुए सीओ आदित्य श्रुति ने शनिवार को बताई की नयागांव थाने में 7 नए मामले आए हैं वही सोनपुर थाने में थानाध्यक्ष राजनंदन ,अंचल कर्मी अजय कुमार ,रोहित कुमार के मौजूदगी में थाना क्षेत्र से 2 नये मामले आए वहीं दोनों पक्षों के सहमति से 2 मामलों का निष्पादन किया गया है । जिन आवेदन पत्र में एक पक्ष नहीं आए हैं उसे अगले जनता दरबार आने के लिए आदेश दी गई है।

### मशरक के विभिन्न गांवों के ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषाक राशि का हुआ वितरण

**दैनिक खोज खबर, मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चो के बीच पोषाक राशि का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मशरक के मदारपुर, सोनौली,डुमरसन, चांद कुदरिया समेत अन्य गांवों में आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों को पोशाक राशि का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड स्तरीय विभिन्न पदाधिकारी के द्वारा निरीक्षण किया गया ।आंगनवाड़ी प्रयवेक्षिका ने बताया कि आंगनवाड़ी केन्द्र पर शिक्षा ग्रहण कर रहे 3 से 6वर्ष तक के 25 बच्चों को 4- 4 सौ रुपए पोषाक राशि के लिए दिया जा रहा हैं ।

### सड़क दुर्घटना में इसुआपुर की युवक की हुई मौत

**दैनिक खोज खबर, इसुआपुर(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के इस-ुआपुर गांव निवासी लक्ष्मी साह के 24 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार साह की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। वे गुरुवार की रात लगभग 9 बजे पेट्रोल लेने पंप पर जा रहे थे। इसी दौरान छपरा की तरफ से आ रहे अनियंत्रित अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए। वहीं उनके साथ बाइक पर बैठे मढ़ौड़ा थाना क्षेत्र के शिल्हौरी गांव निवासी छोटू कुमार भी जख्मी हो गए। दोनों का सीएचसी इसुआपुर में प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। जहां से गंभीर स्थिति में दोनों को पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया। हालांकि परिजन दोनों को इलाज के लिए पटना के एक निजी अस्पताल में ले गए।

## जीविका दीदियों के बीच 101 करोड़ रुपए के ऋण का हुआ वितरण

**सीवान।** जिला जीविका समन्वय इकाई द्वारा अंबेडकर भवन के संवाद कक्ष में जीविका दीदीयों द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार के गतिविधियों पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. उद्घाटन डीएम मुकुल कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ऋण वितरण, सखी वार्ता, जीविका दीदियों द्वारा मनरेगा में मेट के पद पर कार्य करना तथा आगामी आसन्न लोकसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए मतदाता जागरूकता अभियान पर मुख्य रूप से चर्चा करना था. साथ ही उपस्थित जीविका दीदीयों तथा संबंधित पदाधिकारियों को शपथ भी दिलायी गयी. कार्यशाला में डीएम ने जीविका दीदियों का मनरेगा में मेट पर चयन एवं उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा किया.

इस दौरान जीविका दीदीयों में जो मनरेगा मेट के रूप में कार्य कर रहीं हैं, उन्होंने अपना अनुभव भी साझा किया. उनके द्वारा बताया गया कि किस तरह जीविका से जुड़ने पर उनके एवं उनके परि-वार के जीवन में अमूल चूल परिवर्तन आया है. डीएम ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु जीविका दीदीयों को स्वीप प्लान के तहत अलग-अलग गतिविधियां अपनाकर लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया गया. साथ ही जीविका दीदियों को लोकतंत्र के महत्व पर मतदान की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी. साथ ही डीपीओ आईसीडीएस द्वारा जीविका दीदियों के बीच सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया तथा इसके महत्व की जानका-री दी गई.

इस अवसर पर डीएम एवं उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक द्वार 101 करोड़ का डमी चेक जीविका दीदियों को दिया गया. मौके उप विकास आयुक्त भूपेंद्र प्रसाद यादव, अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता सदर सह विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, डीपीओ आईसीडीएस, वरीय उप समाहर्ता विकास कुमार, डीपीओ मनरेगा, जीविका के सभी जिला विषयगत प्रबंधक, सभी प्रखंड परियोजना प्रबंधक एवं जीविका की सैकड़ों दीदीयां उपस्थित रहीं.

## सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों का फोटो चस्पा नहीं होने पर बीइपी ने जतायी नाराजगी, मांगी रिपोर्ट

**बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ने 5 मार्च तक डीइओ मांगी रिपोर्ट**

सीवान। सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों का फोटो चस्पा नहीं होने व ब्लैक बोर्ड के कालीकरण नहीं करने के मामले में बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने काफी गंभीरता से लिया है. मामले में परिषद ने 4 मार्च तक सूबे के सभी डीइओ व डीपीओ एसएसए से प्रगति रिपोर्ट मांगी है.बताते चलें कि राज्य के सभी सरकारी प्रारंभिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में सभी शिक्षकों का रंगीन फोटो के साथ नाम, पदनाग, नवनियुक्त बीपीएससी द्वारा चयनित शिक्षक (टीआरई-1 एवं टीआरई-02 स्पष्ट अंकित हो) एवं मोबाइल नंबर फ्लैक्स बोर्ड पर चिपकाने के साथ ही त्रैमासिक ब्लैक बोर्ड का कालीकरण कराने निर्देशित किया गया था. परंतु विभागीय समीक्षा के क्रम में जिला से जो प्रतिवेदन भेजा गया है, उसमें शत-प्रतिशत विद्यालयों में कार्य का संपादन नहीं किया गया है, जिसके बाद बिहार शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से नाराजगी व्यक्त करते हुये सूबे के सभी डी-इओ व डीपीओ से 5 मार्च तक रिपोर्ट देने का निर्देश राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ने दिया है.

**प्राक्सी शिक्षक से मिलेगा छुटकारा:**

प्रारंभिक स्कूलों से लेकर हाई व इंटर स्कूलों में प्राक्सी शिक्षकों पर लगाम लगाने तथा शिक्षकों की स्कूल व कक्षाओं में उपस्थिति बढ़ाने के लिए नोटि-टस बोर्ड पर वरीयता के क्रम में रंगीन फोटो लगाई जानी है. यहीं नहीं फोटो के साथ उनके नाम, पोस्ट और उनका मोबाइल नंबर भी लिखाना है. ताकि छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक शिक्षकों को पहचान सकें. इसके साथ ही शिक्षक की स्कूलों में नियमित रूप से पूरे दिन की उपस्थिति सुनिश्चित करनी है. इसको लेकर बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने फोटो चस्पा करने का निदेश पूर्व में दे रखा है.इधर निर्देश के बावजूद अधिकांश विद्यालयों द्वारा शिक्षकों के फोटो चिपकाने संबंधित शत प्रतिशत रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई है. अब इसको गंभीरता से लेते हुए पुनः निदेर्शों का पालन करने की बात राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ने दिया है. और मामले में 5 मार्च तक शत प्रतिशत रिपोर्ट तलब किया है.

**क्या कहते हैं जिम्मेदार-**

नोटिस बोर्ड पर वरीयता के क्रम में रंगीन फोटो लगाए जाने से छात्र-छात्राएं और अभिभावकों को शिक्षकों की पहचान करने में सहूलियत मिलेगी. साथ ही शिक्षक की स्कूलों में नियमित रूप से पूरे दिन की उपस्थिति सुनिश्चित की जा सकेगी. इसके माध्यम से शिक्षकों की अनियमितता पर भी लगाम लगाई जा सकेगी. इस संबंध में सभी बीइओ को निर्देश देते हुये 4 मार्च तक रिपोर्ट तलब किया गया है.-

**राजेंद्र सिंह, डीइओ, सीवान**

### दहेज हत्याकांड के अभियुक्त व कुर्की वारंटी गिरफ्तार,जेल

**बड़हरिया(सिवान)।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी कर दहेज हत्याकांड के अभियुक्त व कुर्की वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. बताया जाता है कि एएसआइ शशिभूषण कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के बड़हरिया पुरानी बाजार में छापेमारी कर दहेज हत्याकांड के अभियुक्त व मदन साह के पुत्र अनिल साह को गिरफ्तार कर लिया.वहीं पीएसआइ दुर्गा कुमारी ने थाना क्षेत्र के तीन भीड़िया गांव में छापेमारी कर कुर्की वारंटी व स्व रामानंद शर्मा के पुत्र लक्ष्मण शर्मा को गिरफ्तार कर लिया.पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को कोर्ट मे उपस्थापन के लिए शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया.

### सेराज हत्याकांड मामले में नामजदों की गिरफ्तारी के लिए हुई छापेमारी

**सीवान।** नगर थाना क्षेत्र के नवलपुर ईदगाह में 27 फरवरी की देर रात भूमि विवाद में बदमाशों ने प्रापर्टी डीलर सह मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के टड़वा गांव निवासी आजाद खान के पुत्र सेराज खान की गोली मारकर हत्या कर दी थी. इस मामले में मृतक के पिता आजाद खान के फर्द बयान पर नगर थाना में चार नामजद प्राथमिकी हुई थी. शनिवार को नगर थाना की पुलिस ने कई जगहों पर छापेमारी की. गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस नामजदों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. हालांकि देर शाम तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी.मामले में नगर थाना इंस्पेक्टर सुदर्शन राम ने बताया कि सेराज हत्याकांड मामले में एक नामजद आसी नगर निवासी शेखू को गिरफ्तार किया गया था. वहीं अन्य नामजदों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. बता दें कि मृत सेराज के पिता आजाद खान ने नई किला निवासी नवाबुल, सराय निवासी बटला पिन्टू, आजाद बस्ती निवासी नेहाल, आसी नगर निवासी शेखू को नामजद किया था.

### अतिक्रमण के विरुद्ध चिपकाया गया इश्तेहार

**नौतन(सिवान)।** थाना क्षेत्र के हसुंआ में सुन्नी वक्फ बोर्ड की जमीन पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड पटना द्वारा 45 दिनों के अंदर अतिक्रमण हटाने का निर्देश जारी किया गया है. बता दें कि उक्त गांव में वक्फ बोर्ड की जमीन पर अवैध निर्माण विरुद्ध पूर्व में वाद दायर किया गया था, जिसमें न्यायालय द्वारा वक्फ की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने का आदेश जारी किया गया.

वक्फ न्यायधिकरण, पटना ने बेदखली आवेदन संख्या 09/2020 में पारित आदेश की प्रति संलग्न करते हुए न्यायालय के निदेशानुसार, उक्त आदेश की प्रति वक्फ इस्टेट के किसी प्रत्यक्ष स्थान पर चस्पा करने एवं अतिक्रमणकारियों से वक्फ भूमि को खाली कराने हेतु विधिवत कार्रवाई करने तथा अनुपालन प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का आदेश जारी किया है. इसके आलोक में शनिवार को उपनिदेशक अल्पसंख्यक कल्याण-सह-नोडल पदाधिकारी वक्फ सीवान द्वारा अतिक्रमणकारियों के घर पर इश्तेहार चस्पा किया गया.

## साल बाद भी जगदीशपुर साईं टोला वासी को नहीं मिली सड़क की सुविधा

**- प्रशासन व प्रतिनिधियों की उपेक्षा है मुख्य कारण**

**परवेज अख्तर/सिवान।** नौतन प्रखंड के जगदीशपुर साईं टोला के नरसंहार पीड़ित परिवारों को 20 साल बाद भी सड़क की सुविधा मिल सकी है. प्रशासन से लेकर प्रतिनिधि तक इस बात को नजरअंदाज करते रहे हैं. इस मुहल्ले में लगभग दर्जन भर परिवार अति पिछड़े वर्ग के हैं, जिनमें लगभग 10 परिवार यहां रहता है. सबसे बड़ी बात यह है कि उक्त मोहल्ले में रहने वाले परिवार 2004 के जगदीशपुर साईं टोला के नरसंहार पीड़ित परिवार है. जिन्हें नरसंहार के बाद प्रशासन द्वारा यहा विस्थापित करा दिया गया था. इन लोगों के पुनर्वास के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रशासन द्वारा पट्टा बनाकर जंगल-झाड़ी वाली जमीन दी गई, जिसे साफ सफाई के बाद लोगों ने झोपड़ी वगैरह डालकर रहना शुरू कर दिया. इसके बाद इन पीड़ित लोगों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास की राशि दी गई, जिससे लोगों ने जैसे-तैसे करके आवास बना लिया. लेकिन विस्थापन के 20 साल बाद भी इस मुहल्ले आने जाने के लिए रास्ता नहीं बन सका है.

जगदीशपुर साईं टोला में रहने वाले लोगों का रहन-सहन तथा इस मोहल्ले की स्थिति दयनीय है. प्रशासन द्वारा इनके आवास की भूमि आवंटित करने के समय ही रास्ते के लिए भी जमीन दिया गया. आवास तथा सड़क की जमीन का नजरी नक्शा भी उन्हें दिया गया, जिसके अनुसार कई आवास व सड़क की जमीन का पैमाइश भी हुआ. लेकिन प्रशासन और प्रतिनिधियों की लापर-वाही व नजरअंदाज करने के कारण ही आज भी इस मोहल्ले में जाने के लिए लोग खेतों व पगडंडियों का उपयोग करते हैं. हालांकि मोहल्ले के अंदर कुछ दूर तक सड़क पर मिट्टीकरण व ईंटकरण वर्षों पहले हुआ. लेकिन मुख्य सड़क से अंदर मोहल्ले में घुसने के लिए लगभग डेढ़ सौ फीट तक सड़क की जमीन लगभग तीन-चार फिट नीची है, जिस पर मिट्टीकरण के बाद पहली बरसात ही उसे पूर्ववत स्थिति में पहुंचा देती है. कुछ वर्ष पहले भी तत्कालीन मुखिया द्वारा सड़क के इस हिस्से पर मिट्टीकरण कराया गया. लेकिन बरसात आते ही फिर मिट्टी बह गई और रास्ता बंद हो गया.


### सीवान पहुंच कमिश्नर ने लोकसभा चुनाव के तैयारियों का लिया जायजा

**बड़हिरया के बहुआरा में मूर्ति विसर्जन के दौरान हुई घटना की किया समीक्षा**

**सीवान।** सारण प्रमंडल के आयुक्त सर्वानन एम शनिवार को सीवान पहुंचे. सीवान पहुंचने पर समाहरणालय में आयुक्त को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. इसके उपरांत जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता व पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार के साथ बैठक की. 16 फरवरी को सरस्वती पूजा विसर्जन के दौरान बड़हरिया के बहुआरा गावं में हुए दो पक्षों के बवाल को लेकर आयुक्त ने जानकारी ली और समीक्षा की. आयुक्त ने इस संबंध में की गयी कार्रवाई आदि की जानकारी लेते हुये आवश्यक निर्देश दिये. आयुक्त ने आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए ऐसे मामलों पर नजर रखने के साथ ही इस मामले में क-ड़ी कार्रवाई का आदेश देते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में ऐसे लोग बख्शे नहीं जाएंगे.

चुनाव प्रक्रिया से संबंधित फर्जी व धोखाधड़ी वाली गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए. आयोग के निदेर्शानुसार उन्होंने 2019 के मतदान प्रतिशत, आगामी चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किए प्रयास, मतदाता सूची पुनरीक्षण में बढ़ी मतदाताओं की संख्या, मतदान केंद्रों पर पानी, बिजली, छाया, रेंप, फर्नीचर की व्यवस्था, संदिग्ध मतदान केंद्रों, गत चुनाव में आचार संहिता उल्लंघन के मामलों की समीक्षा की. वहीं पुलिस अधीक्षक से जिलों में आवश्यक फोर्स, अवैध शराब, मुफ्त सामान और नकद राशि का वितरण रोकने, असामाजिक तत्वों को पाबंद करने, हथियार जमा करने, संवेदनशील मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के इंतजाम सहित अन्य तैयारी की जानकारी ली.

### गुठनी में आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर पीडीएस दुकानों पर लगी लोगों की लगी भीड़



**दैनिक खोज खबर,गुठनी (सीवान)।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित 2 मार्च से पीडीएस दुकानों पर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैंप लगाया गया। जिसमें पड़री, सोनहुला, बिसवार, बेलौर, बरपलिया सहित आघा दर्जन पंचायतों आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लोगो की भीड़ उमड़ी रही। प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान योजना के तहत लगाए शिविर में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिन लोगों के नाम सूची में थे और उनके आयुष्मान कार्ड बनाए गए। वही सुबह दस बजे से बड़ी संख्या में लोग आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए पहुंचे। शिविर देर शाम तक चला, जिन लोगों के नाम प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान की सूची में हैं और उनके क-ार्ड नहीं बने थे, उनके कार्ड बनाए गए। इसके साथ ही लगभग 2000 से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाने को लोगों का पंजीकरण किया गया। इस दौरान भुनेश्वर मिश्र, अमित बरनवाल, बेलौर पंचायत सचिव कुश कुमार, राजू मिश्र, मनमेजय कुशवाहा, रामशरण राम सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## शिवशक्ति प्राणप्रतिष्ठा को ले निकली भव्य कलश यात्रा

**बड़हरिया(सिवान )।** प्रखंड की कैलगढ़ दक्षिणी पंचायत के रोहड़ा कला के प्राचीन काली मंदिर परिसर में नवनिर्मित शिवमंदिर व अन्य मंदिर में शिवशक्ति प्राण प्रतिष्ठा के तत्वावधान में श्रीमद. भागवत पुराण महायज्ञ को लेकर भव्य कलशयात्रा निकाली गयी. विदित हो कि श्रीमद्भागवत पुराण महायज्ञ का आयोजन 29 फरवरी से आठ मार्च तक किया गया. इस महायज्ञ का शुभारंभ 2201 कन्याओं,युवतियों, महिलाओं-पुरुषों के कलश यात्रा के साथ किया गया. यज्ञस्थल से 2201 कन्याओं,स्त्री पुरुषों के साथ करीब पांच हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं के कलशयात्रा बदरजीमी स्थित बाणगंगा (दाहा नदी) के तट पर पहुंची. जहां यज्ञाचार्य श्रीश्री 108 महामंडलेश्वर अखिलेश्वर दास महाराज व सुप्रसिद्ध कथावाचक श्रीदास जी महाराज की उपस्थिति में आचार्य पं ज्ञानेंद्र तिवारी व आचार्य पं मनोज शास्त्री के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलभराव किया गया. इस मौके पर मुख्य यज्ञमान रमेश प्रसाद, जीतेंद्र प्रसाद, रामसगर प्रसाद, मुन्ना प्रसाद व अनिल प्रसाद सपत्नीक उपस्थित थे. वहीं सामाजिक कार्यकर्ता आनंद सिंह, जिला पार्षद योगेंद्र साह,पूर्व जिला पार्षद संजय राम, शंभू प्रसाद, कृष्णा सिंह,सुभाष सिंह, राजेश्वर सिंह,राजेंद्र साह,मदन प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद के साथ ही मुनू कुमार,गुड्डू कुमार, विश्वजीत, रविरंजन, नीतेश, दीपक, प्रदीप सहित अन्य श्रद्धालु सक्रिय भूमिका में नजर आये. जिला पार्षद योगेंद्र साह ने बताया कि इस महायज्ञ में मीना बाजार, झूला, खेल- तमाशे का इंतजाम किया गया है.

## नहीं पहुंची कथा वाचिका, आयोजन समिति के सदस्यों में आक्रोश

**- समिति की तैयारी रह गई धरी की धरीफोटो.20. सुनसान पड़ा पंडाल**

**महाराजगंज(सिवान)।** मुख्यालय के रामेश्वर धाम शिव मंदिर के वार्षिकोत्सव को ले आयोजित श्रीराम कथा एवं ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथावचिका पंडित गौरांगी गौरी नहीं पहुंची. जिसके चलते आयोजन समिति के सदस्यों में आक्रोश व्याप्त है. आयोजन समिति के सदस्य अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पंडित गौरंगी गौरी जी को श्री राम कथा वाचन के लिए बुलाया गया था. लेकिन वे महाराजगंज नहीं पहुंची. जिससे आयोजन समिति को लाखों का नुकसान हुआ है.बताया कि आयोजन को ले छह माह गौरंगी जी को अग्रिम भुगतान किया गया था. उनके अनुसार सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थी. श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह की तैयारी के हर पहलू से उन्हें प्रतिदिन परिचित कराया जाता था. जिससे वह संतुष्ट नजर आयीं. जिसके बाद आयोजन समिति को पूर्ण विश्वास हो गया कि वे राम कथा करने पहुंचेंगी. लेकिन शुक्रवार को कथा प्रारंभ होने के समय समिति से उन्होंने संपर्क करना छोड़ दिया. आयोजन के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब कोई कथावाचिका नहीं पहुंची. आयोजन को ले प्रचार प्रसार व व्यवस्था करने में 5 लाख का नुकसान हुआ है.